श्री अजीत जोगी : एकता नाम तो अच्छा है, पर जो काम कर रहे हैं वह बहुत खराब है । महोदय, मैं यह निवेदन कर रहा था कि बैंक अब एक बहुत ही महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं । जब एक ऐसा स्तर था उनके लिए जब राष्ट्रीयकरण के पहले बैंकों की भूमिका उद्योगपतियों को, बड़े लोगों की मदद करने की थी, श्रीमती इंदिरा गांधी ने यह महसूस किया कि बैंकों की भूमिका कहां तक सीमित नहीं रहनी चाहिये तो उन्होंने राष्ट्रीयकरण किया और बैंकों के दरवाजे सर्वहारा वर्ग के लिए खोले, गरीबों के लिए, आदिवासियों के लिए, किसानों के लिए, अनुसूचित जाति के लोगों के लिए और सबके लिए बैंकों के दरवाजे खोले । वह एक दूसरा दौर प्रारंभ हुआ । मैं यह मानता हूं कि जो हमारी सरकार ने, नरसिंह राव जी की सरकार ने नई औद्योगिक नीति घोषित की है और जो नई वाणिज्यिक नीति घोषित की है उसके बाद बाद से अब औद्योगीकरण की प्रक्रिया में, विकास की प्रक्रिया में जितनी रुकावटें, जितनी अड़चनें लाइसेंस से, परमिट से, कोटा से, इनसे होती थी बहुत दूर हो गई है । अब विकासकारी प्रक्रिया का संधारण अगर कोई करेगा तो वह बैंकिंग सैक्टर ही करेगा । अब औद्योगीकरण की धारा के प्रवाह को तेज करने का काम, उसको रोकने का काम, यदि कोई करेगा तो वह बैंकिंग सैक्टर ही करेगा । इसीलिए मैंने यह कहा कि अब बैंकिंग सैक्टर एक नए दौर से गुजर रहा है और अब कोई अधिक जवाबदारी से, अधिक उत्तरदायित्व से काम करना अनिवार्य है । आप यह बैंक का साल बदल रहे हैं, यह केवल एक औपचारिकता है । एक जनवरी से रहे यह साल या एक अप्रैल से रहे या एक जुलाई से रहे या जैसे मेहता जी कह रहे थे या एक सितम्बर से रहे, महोदय, मैंने बैंकों के बारे में तो अभी बोलना चालू किया है . . . (व्यवधान) संशोधन पर बोला अभी तो . . . . (व्यवधान) तो मैं यह कह रहा था कि अब जिस दौर से बैंकिंग सैक्टर गुजर रहा है यह सबसे महत्वपूर्ण दौर है । अगर हमारी औद्योगिक नीति सफल होगी तो बैंकों की भूमिका के कारण सफल होगी । अगर हमारी वाणिज्यिक नीति सफल होगी तो बैंकोंकी भूमिका के कारण सफल होगी । और यदि हमारी औद्योगिक नीति और वाणिज्यिक नीति असफल होती है तो उसका पूरा उत्तरदायित्व इस बैंकिंग सैक्टर पर होगा क्योंकि अब बैंकों के अलावा और कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जहां से हम किसी तरह का अवरोध औद्योगिक प्रक्रिया पर या विकास की प्रक्रिया पर कर सकते हैं । इसलिए मैं इस बात को बहुत रेखांकित करना चाहूंगा कि अब बैंकों को अपनी भूमिका के विषय में अधिक सतर्क रहने की जरूरत है । वर्ष बदल देने से आपने एक औपचारिकता

[श्री अजीत जोगी]

बन्द कर दी है, पर जिन बातों की ओर सभी सदस्यों ने, इस पक्ष के सदस्यों ने और विपक्ष के सदस्यों ने आपका ध्यान आकर्षित किया है, जिस तरह से बैंक वाले भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, जिस तरह से बैंक वाले गरीब व्यक्ति को अपने दरवाज तक नहीं आने देते हैं, जिस तरह से बैंक वाले बड़े उद्योगों को तंग करते हैं, जिस तरह से बैंक वाले छोटे उद्योगों को तंग करते हैं, जिस तरह से बैंक वालों की थोड़ी सी कमी के कारण बड़े-बड़े उद्योग, छोटे-छोटे उद्योग कुटीर उद्योग,—ये सब बीमार हो जाते हैं, इस पर आपको अब व्यापक रूप से, समग्र रूप से और गहनता से विचार करना आवश्यक है । क्योंकि अब आप परिवर्तन के सबसे बड़े वाहन, परिवर्तन के सबसे बड़े चक्र के रूप में बैंकिंग सैक्टर को स्थापित कर रहे हैं । . . . (व्यवधान) . . . हमारी माननीय सदस्या एक बहुत अच्छी बात कहने के लिए मुझसे आग्रह कर रही हैं कि मैं कह दूं कि अभी आपने जो नई बैंकिंग नीतियों बनायी हैं, उसमें जो फिक्स्ड डिपाजिट की बात थी, उसको आप प्रोत्साहन देने की जगह हतोत्साहित कर रहे हैं । आपने यह कह दिया है कि 2500 रुपए से ऊपर का यदि इंटरेस्ट होगा तो उस पर दो परसेंट आप ले लेंगे । . . . . (व्यवधान) . . . मैं बड़े लोगों की बात कभी नहीं करता हूं। मैंने हमेशा इस सदन में छोटे लोगों की पैरवी की है है । बड़े लोगों के पास तो फिक्स्ड डिपाजिट वे करें या न करें, उनके पास साधन हैं अपने पैसे को किस तरह से बढ़ाना चाहिये, वह जानते हैं । वह उस जादू को जानते हैं, वह उस करिश्मे को जानते हैं जिससे कि पैसा पैसे को बढ़ाता जाता है । मगर जो छोटे लोग हैं जो अपनी मजदूरी से कुछ पैसा फिक्स्ड डिपाजिट में इसलिए जमा करते हैं क्योंकि वह व्यापार नहीं कर सकते, कहीं और नहीं लगा सकते । उनको लगता था कि फिक्स्ड डिपाजिट में जमा कर देंगे इसमें बहुत ज्यादा ब्याज मिलेगा और पैसा अपने आप बढ़ जाएगा । अब आपने जो नयी व्यवस्था की है, उससे उन लोगों का यह जो रास्ता था, वह भी बंद कर दिया है । इस पर जरूर पुनर्विचार होना चाहिये ।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): You collude now.

SHRI AJIT P. K. JOGI: My party has ample time.

**श्री अजीत जोगी** : मैं यह भी कहना चाहूंगा कि जब आज आप हर चीज के लिए विदेश की तरफ देख रहे हैं । मेरी इच्छा के विरुद्ध भी आप हर चीज के लिए विदेश की तरफ देख रहे हैं तो बैंकों की व्यवस्था के बारे में भी विदेश की तरफ देखें कि वहां बैंक किस तरह से काम करते हैं ? वहां बैंकों का सबसे बड़ा लक्ष्य यह होता है कि हमारे जो उपभोक्ता हैं, हमारे जो ग्राहक हैं, उनकी संतुष्टि कैसे हो ? उनको संतुष्ट करने के लिए वह एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करते हैं । यहां हमारे बैंकों का लक्ष्य ऐतिहासिक रूप से ऐसा रहा है कि वह हमारे पास आए तो उसको किस तरह से तंग किया जाय ? उसको किस तरह से सताया जाए जिससे कि या तो वह हमसे कर्ज न ले और हमारा काम न बढ़े और अगर हम से कर्ज ले तो उसमें से कुछ हमको मिले । इसी उद्देश्य को लेकर हमारे बैंक काम करते रहे हैं । उसको बदलना होगा । यदि आप विदेशों की तरफ देख रहे हैं, उनसे आप तुलना कर रहे हैं तो विदेशों में जो बैंक हैं, मंत्री महोदय भी विदेश कई बार गए हैं और विदेशों के बैंकों का काम देखा होगा, उनसे आपका सरोकार पड़ा होगा । उन बैंकों की जो कार्य प्रणाली है, उसके अनुसार ही आप हमारी बैंकों की कार्यप्रणाली को बनाएं तभी हम मान सकेंगे कि हमने विदेश की तरफ देखकर कुछ और अच्छा काम किया है । एक माननीय सदस्य ने कहा था कि हमारे यहां जो विदेशी बैंक काम कर रहे हैं वह ज्यादा सर्विस चार्जेज लेते हैं । यह एक उदाहरण है कि वह अधिक सर्विस चार्जेज लेते हैं, अपने उपभोक्ता से, अपने ग्राहक से ज्यादा पैसा लेते हैं फिर भी ज्यादातर लोग विदेशी बैंकों की तरफ आकर्षित हो रहे है क्योंकि उनका जो

कार्य करने कातरीका है, उनकी जो कार्य प्रणाली है, वह हमारी बैंकों की कार्य प्रणाली से कहीं अच्छी है । अभी तक तो बैंक परिवर्तन के बड़े वाहन नहीं थे । अब बैंक परिवर्तन के सबसे बड़े वाहन हैं, इसलिए अगर बैंकों में गड़बड़ियां हो रही हैं तो उस पर सरकार को कड़ी-से-कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए । हमको समाचार पत्रों में यह पढ़ने को मिलना चाहिए आपने-फलां बैंक के फलां मैनेजर को, फलां रीजनर मैनेजर को, फल जोनल मैनेजर को, फलां चीफ़ जनरल मैनेजर को, फलां मैनेजिंग डायरेक्टर को, फलां चेयरमैन को दंडित किया है या उसके ऊपर आपने आपराधिक मुकदमा चलाया है । इस तरह की कार्यवाही जब समाचार-पत्रों में पढ़ने को मिलेगी तो लगेगा कि अब बैंकों पर शासन का नियंत्रण बढ़ रहा है, शासन प्रभावी कार्यवाही बैंकों पर कर रहा है । बड़े-बड़े फ्राड हो रहे हैं। रोज ही समाचार-पत्रों में पढ़े जा रहे हैं । चूंकि समय कम है, नहीं तो चार-पांच पड़े फ्राड की तरफ सदन का ध्यान आकर्षित करता । बड़े-बड़े बैंकों में, बड़े-बड़े राष्ट्रीय-कृत बैंकों में बहुत बड़े भारी व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार होते हैं, लेकिन उन पर कोई कार्यवाही नहीं होती । तो उन पर कार्यवाही जरूर होनी चाहिए ।

माननीय, एक बात और मैं कहना चाहूंगा, आप गरीब लोगों को रिफरेंसियल रेट आफ इंटरेस्ट पर कुछ कर्ज देने की व्यवस्था करते रहे हैं । जो एक बहुत अच्छी योजना है । पर, यदि आप वास्तविकता में जाएंगे कि डी०आर०आई० के अंतर्गत देश में कितने लोगों को मदद दी गई, यदि आप इसकी विवेचना करेंगे तो आप स्वतः पाएंगे कि केवल एक और औपचारिकता के नाते, चूंकि इंदिरा जी ने कहा था, चूंकि राजीव जी ने कहा था और चूंकि अब आप कह रहे हैं, इसलिए औपचारिकता के नाते डी०आर०आई० के अंतर्गत कुछ कर्ज दे दिए जाते हैं । इसकी ओर आप ज्यादा ध्यान दें । गरीब आदमी आपके साथ बेईमानी नहीं करता । अगर आपका आदमी उसको बेईमानी करना नहीं सिखाएगा तो वह आपके साथ बेईमानी नहीं करेगा । आप अनुसूचित जाति के लोगों को, अनुसूचित जनजाति के लोगों को, मजदूरों को, गरीबों को अपने बैंकों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा कर्ज दिलाने की कोशिश करें । डी०आर०आई० के अंतर्गत आप तय कर दीजिए कि आपकी जो टोटल फाइनेन्सिंग होती है, आप जो पूर्ण कर्ज देते हैं, उसमें से एक निश्चित प्रतिशत इन गरीब लोगों को दिया जाएगा। अगर आप ऐसा कर देते हैं तो आप इन गरीबों को बैंकों के माध्यम से फायदा दिला पाएंगे, नहीं तो यह समझा जाएगा कि आप, आपका बैंक और यह जो नई हमारी औद्योगिक नीति है, यह जो हमारी नई वाणिज्यिक नीति है, यह केवल बड़े आदमी की मदद के लिए है, गरीबों की मदद के लिए नहीं है । यदि हम यह चाहते हैं कि यह नीति, जो अभी परिवर्तित हुई है, इसका लाभ गरीबों को मिले, छोटे लोगों को मिले तो डी०आर०आई० के अंतर्गत आपको ऋण को ज्यादा बढ़ाना चाहिए ।...(समय की घंटी).....

माननीय, उपसंहार के रूप में मैं यह कहना चाहूंगा, बहुत बात कही गई है नरसिम्हन कमेटी के बारे में, प्राइवेटाइजेशन आफ बैंक के बारे में, लेकिन मैं केवल इतना कहना चाहूंगा क्योंकि मैं उन लोगों में से हूं, जो इस बात पर नहीं जाना चाहते कि यह प्राइवेट सेक्टर है या पब्लिक सेक्टर है, यह नेशनलाइज्ड बैंक है या नहीं है, मैं यह मानता हूं कि सही मापदंड यह होना चाहिए कि चाहे वह प्राइवेट सेक्टर है, चाहे वह पब्लिक सेक्टर है, चाहे नेशनलाइज्ड बैंक है, चाहे वह प्राइवेट बैंक है, जो सबसे अच्छा काम करता है, जो दक्षता से काम करता है, जो ईमानदारी से काम करता है, उसको हमारी व्यवस्था में प्रोत्साहन मिलना चाहिए । आप ऐसी व्यवस्था करें ।

आपने नीति घोषित कर दी कि आप नेशनलाइज्ड बैंक का प्राइवेटाइजेशन नहीं करेंगे । इस नीति से हम सहमत हैं । पर, आप यह देखिए कि यह नेशनलाइज्ड

[श्री अजीत जोगी]

बैंक दक्षता से काम करें, गरीब आदमी के लिए काम करें, समय पर लोगों को कर्ज मिले, इनके माध्यम से कालेधन की व्यवस्था में रोक लगे और समग्र रूप से पूरा देश यह मानने लगे कि बैंक अब अपनी नई भूमिका में प्रवेश कर गए हैं और उसके माध्यम से गरीबों को फायदा हो रहा है ।

बहुत से विपक्ष के सदस्यों ने बैंक में कार्यरत यूनियन के बारे में कहा है । ...(**समय की घंटी**)... अंत में, मैं बैंक में कार्यरत यूनियन के संदर्भ में आप से यह कहना चाहूंगा कि अभी तक आप ने यूनियन्स में किस प्रकार की कार्यवाही की है बैंक के साथ कैसा सहयोग किया है, कैसा सहयोग नहीं किया है इस पर मैं न जाकर आपसे यह कहना चाहूंगा कि बहुत सी ऐसी घटनाएं हमारे सामने आई हैं, जबकि बैंकों में हमारे वर्ग के लोग, अनुसूचित जाति वर्ग के लोग, अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोग अपना एक अलग संगठन बनाना चाहते हैं, हमारी पार्टी, कांग्रेस पार्टी अपना एक अलग से संगठन बनाना चाहती है, पर बहुत सी ऐसी घटनाएं सामने आई हैं कि बैंक का मैनेजमेंट केवल उस यूनियन से जिस यूनियन से उसकी अच्छी पटती है, जिस यूनियन से अच्छी अंडरस्टैंडिंग है, जिस यूनियन के साथ उनको लगता है कि वह जो चाहे उनके साथ बैठकर करा सकते हैं, तो करा लेते हैं और उन्हीं को प्रोत्साहन देते हैं, नए लोगों को प्रोत्साहन नहीं देना चाहते । मैंने मंत्री जी को दो-तीन बार पत्र लिखा रायपुर की एक घटना मैंने आपको याद दिलाई थी, कि वहां पर हमारे कांग्रेस के कुछ साथियों ने यूनियन बनाई और आपसे भी चर्चा की, मैंने उनसे कहा कि जाकर, उनकी कोई समस्या थी उसके संबंध में, बैंक के अधिकारियों से बात कर लें।...पर बैंक के अधिकारी उनसे बात भी नहीं करना चाहते । वह कहते हैं कि आप कांग्रेस की यूनियन के लोग हैं, हम आपसे बात नहीं करेंगे, जो दूसरी यूनियन है उससे बात करेंगे । आप कृपया इसकी तरफ ध्यान दें और पार्टी की लॉयल्टी, किस पार्टी से संबंधित यूनियन है, इस पर ज्यादा ध्यान न देकर जो कर्मचारी के हित की बात करने आपके सामने आए उससे जरूर बात की जाए, ऐसी व्यवस्था करें और समस्या का निराकरण करें ।

आप इस बिल के माध्यम से जिस औपचारिकता को निभाना चाहते हैं, एकरूपता लाना चाहते हैं, समानता लाना चाहते हैं, उससे सहमत होते हुए मैं इस बिल का समर्थन करता हूं । धन्यवाद ।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA); Mr. Gurudas Das Gupta has got some other business outside. Therefore, he wants to speak earlier.

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN (Tamil Nadu): Let him speak-We are waiting to listen to him.

**श्री संघ प्रिय गौतम** : मुझे भी जाना है, सिस्टेमेटिक तरीके से बुलवाइए ।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA); But you did not report to me. Okay, you speak.

**एक माननीय सदस्य** : एकता पर ?

**श्री संघ प्रिय गौतम** : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, बड़ा साधारण विधेयक है और विषय भी बड़ा साधारण है, बगैर चर्चा के पारित हो जाना चाहिए था, लेकिन हमारे सदन की परम्परा बन गई है कि जब कोई भी विधेयक सदन में प्रस्तुत होता है तो उस पर चर्चा होती है और चर्चा में वह विषय, जो सन्निहित है विधेयक में, उसके गुण-दोष, कार्य-प्रणाली पर अनेक प्रकार के सुझाव और विचार सदन के सामने आते हैं । वैसे भी सदन का अधिक समय विधायकी में बीते, इस लक्ष्य की भी आपूर्ति होती है । इसलिए यह चर्चा स्वाभाविक है, होनी चाहिए और मैं इस बात को दृष्टिगत रखते हुए दो-चार बातें सदन के सामने प्रस्तुत करना चाहूंगा ।

जैसा हमारे अनेक माननीय सदस्यों ने कहा है, इस विधेयक का कोई व्यावहारिक लाभ सरकार और जनता को नहीं है,

लेकिन एक तकनीकी लाभ है और तकनीकी लाभ यह है कि जब सारे राष्ट्रीयकृत बैंकों का लेखा वर्ष पहली अप्रैल से प्रारम्भ होकर 31 मार्च को समाप्त होता है तो यह अकेला सहकारी बैंक बेचारा गरीब क्यों अलग रह जाए । यह भी उसी धारा में आ जाए, उसी लाईन में आ जाए, केवल यही इसकी मंशा है । इसलिए इसका हमें समर्थन कर देना चाहिए और मैं इसका समर्थन करता भी हूं । लेकिन मान्यवर, जैसा हमारे अनेक साथियों ने कहा और हमारे मित्र जोगी जो जो चले गए, उन्होंने तो इस बैंक की सार्थकता और महत्व पर जोर डालकर कहा कि भविष्य में इसका बड़ा महत्व होगा । मगर जिस समय बैंकों का राष्ट्रीयकरण हुआ था, उस समय स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ का नारा बड़ी जोर से लगाया था और उस समय भी यही बात कही गई थी कि राष्ट्रीयकृत बैंकों के द्वारा गरीबी हटने में बड़ा योगदान मिलेगा । हमारे देश के विकास और हमारे देश के कल्याण में बड़ा भारी अहम भूमिका ये बैंक अदा करेंगे । जो एकाधिकार इन बैंकों में पूंजिपतियों का था, धनी लोगों का था, वह समाप्त होगा और आम गरीब, निर्बल लोगों की पहुंच बैंकों तक होगी । मान्यवर, सरकारी आंकड़े हर साल प्रस्तुत होते हैं, बोलते हैं । वांछित लाभ और मंशा इन बैंकों के राष्ट्रीयकरण के बाद प्राप्त हो नहीं पाया । न तो गरीबों की गरीबी दूर हुई, बल्कि गरीब और अमीर के बीच की खाई और ज्यादा बढ़ गई और न ही वांछित लाभ कल्याण और विकास इस देश के 75 परसेंट देहाती क्षेत्र में, जिसमें गरीब, शोषित, दलित, पीड़ित, मार्जिनल किसान रहते हैं, जो लाभ या विकास उनका होना चाहिए था, नहीं हो सका । आज भी हम देखते हैं कि इन बैंकों से बड़ी रकमें अमीरों को मिलती है और उनसे उस रकम की वसूली आदि भी ढिलाई से की जाती है या नहीं की जाती है । गरीबों को इन बैंकों से ऋण मिलता नहीं, मिलता है तो रिश्वत देने पर मिलता है, कम ऋण मिलता है और उसकी वसूली में सख्ती की जाती है, उनकी कुर्कियां की जाती हैं, जमीनें वगैरह कुर्क की जाती हैं । तो मान्यवर, आज भी यह दोहरा बर्ताव इन बैंकों का हो रहा है । यही नहीं, इन बैंकों में भ्रष्टाचार है । ऋण स्वीकृत करने पर पैसा लेते हैं, फ्रेक लोन वे भुगतान करा लेते हैं फर्जी नामों पर और फिर उनकी जांच होती रहती है, लाखों, करोड़ों रुपये के इसी प्रकार के घोटाले बैंकों के द्वारा हो रहे हैं । मान्यवर, सबसे बड़ी बात इन बैंकों के साथ जो दोहरा वर्ताव किया जा रहा है, वह यह है कि जो गरीब लोग लाभांवित होंगे, जैसा मैंने पहले कहा, उनके लिये प्रचार तो बहुत किया जाता है, लेकिन नीचे जो मंडल स्तर पर ब्रांच मैनेजर हैं, व्यवस्थापक हैं, वे उन गरीबों के प्रार्थना पत्र आगे को फॉरवर्ड ही नहीं करते और उनको ऋण स्वीकृत ही नहीं होते, जबकि निर्बल वर्ग के लिये अनेकों योजनाएं बनी हैं और उसका ढिंढोरा पीटते हैं । अगर कोई गरीब छोटा-मोटा उद्योग चलाने के लिये, टैम्पो, टैक्सी खरीदने के लिये या कोई ट्रैक्टर खरीदने के लिये लोन चाहे, तो पचास हजार, एक लाख, पच्चीस हजार व तीस हजार रुपये की लोन की उनकी दरख्वास्त को वे स्वीकृत नहीं करते, उसे ऋण मिलता ही नहीं है और बहुत कम मामलों में ऋण मिलता है । तो वह भूमिका यह बैंक अदा कर ही नहीं रहे हैं । नतीजा यह है कि गरीब का विश्वास इन बैंकों से हट गया और अमीर जिसके साथ वसूली में ढिलाई बरती जाती है, के दिमाग में बैंकों की जो पवित्रता थी, वह समाप्त हो गयी है । तो जो आज यह कह रहे हैं कि यह बैंक बड़ी भूमिका अदा करेंगे, मुझे तो ऐसा नहीं दिखाई देता है ।

मान्यवर, एक बात और जो कोढ़ में खाज है । यद्यपि जोगी जी ने कह दिया कि डिपोजिट करने वाले लोग तो बहुत कम हैं, जो पैसा डिपोजिट करते हैं । मैंने अपने दो-चार सदस्यों को देखा है और मैं भी सोचने लगा हूं क्योंकि मैंने कुछ पैसा फिक्स डिपोजिट में कराया है यह सोचकर कि असली वार चुनकर के नहीं आये और पेंशन भी नहीं मिली तो अपना गुजारा होता रहेगा । जब फिक्सड डिपोजिट पर भी पच्चीस सौ रुपये से ज्यादा अगर इंटरेस्ट है और उस पर इंकम

[श्री संघ प्रिय गौतम]

टैक्स लगेगा । तो फिक्सड डिपोजिट क्यों करायें इसलिए लोगों ने फिक्सड डिपोजिट कराना भी बंद कर दिया इससे ब्लैक मनी को बढ़ावा मिलेगा और लोग गलत काम करेंगे । यह कोढ़ में खाज इन्होंने कर दिया है । तो इन बैंकों से सफल होने की बजाय उद्देश्य विफल हो गया । इसलिये मान्यवर, इससे केवल तकनीकी लाभ के फाइनेंसियल यीअर के एकाउंट का साल और महीना बदल देंगे, अलावा इससे कोई लाभ होने वाला नहीं है । यह भी जो महीना रखा गया कि पहली जुलाई से और 30 जून तक, इसकी भी बड़ी सार्थकता है, जैसा मेरे लायक दोस्तों ने कहा बहुतों से सितम्बर कहा, पर सच्चाई यह है कि हमारे देश में रबी और खरीफ– दो ही फसल होती थी और वह खरीफ की फसल की शुरुआत जुलाई से और रबी की फसल का अंत जून में होता था, इसलिये यह बड़ी सार्थक तिथि है । लेकिन चूंकि तकनीकी लाभ करना है और हमें उसी लाईन में लाना है इसलिये कोई परेशानी इस बात में नहीं है । मान्यवर, मैं इसलिये कुछ सुझाव देना चाहूंगा ।

पहला यह कि गरीबों को और गांव के लोगों को इन बैंकों से लाभ पहुंचे, तो उसके लिये बैंकों के मैनेजरों को सख्ती से निर्देश दिया जाये कि गरीबों की जितनी भी दरख्वास्त ऋण के लिये आती हैं वह सब स्वीकृत की जायें । दूसरा, यह है कि अनुसूचित जाति और जनजाति के कर्मचारियों की लिये जैसा भाई जोगी ने कहा, जो यूनियन है उनको मान्यता दी जाये, जब पास्टिंग होती है तो एलाइंस-पोस्ट जैसे कैशियर की पोस्ट होती है और इस पर स्पेशल एलाउंस मिलता है । सर्विस पीरियड वही है, तनख्वाह वही है लेकिन स्पेशल एलाउंस मिलता है । परन्तु यह बैंकों के मैनेजर अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों को एलाइसेज पोस्ट पर नियुक्त नहीं करते हैं । इसलिये इनको यह भी निर्देशन दिया जाये ताकि उनको एलाउंस पोस्ट का लाभ पहुंचे । उनकी पोस्टिंग उस स्थान पर हो । अन्य सुविधाएं सरकारी कर्मचारियों या बैंक एम्प्लाईज को होनी चाहिये, उनकी यूनियन इन्हें दिलाने में बहुत बड़ी भूमिका अदा करती है । इसलिये इससे अनुसूचित जाति और जनजाति के कर्मचारियों को क्यों वंचित रखा जाये, उनकी यूनियन को भी मान्यता दी जाये । मेरा चौथा सुझाव यह है कि सरकार पुन: इस पर विचार करे । आयकर विभाग ने जो यह फिक्सड डिपाजिट्स के इंट्रेस्ट पर इनकम टैक्स लगाया गया है, अगर यह समाप्त हो जाए तो बैंकों में डिपाजिशन ज्यादा होने लगेगा । अगर डिपाजिशन बंद हो गया तो बैंक ऋण कहां से देंगे ? उनकी भूमिका ही समाप्त हो जाएगी, अगर उनके पास पैसा ही नहीं होगा तो ऋण कैसे देंगे इसलिए पहले तो बैंकों को पैसा मिलना चाहिए तभी वे बैंक लोगों को पैसा दे सकेंगे । इसलिए जो वह रास्ता बंद कर रहे हैं पैसा जमा होने का, उसको खोलना चाहिए । इन अलफाज के साथ मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं ।

SHRI GURUDAS DAS GUPTA-(West Bengal); Sir, the subject of banking is extremely alluring, alluring not because of the deposit that the banking system holds but because of the problem and controversy that has, of late, generated in the country. I don't want to take much of your time. I would like to throw some points seeking the Minister's enlightenment on the subject that I prefer to refer to him.

First, I shall ask the Minister to let us know kindly when and in what way the report that has been prepared by a committee that was given the task to suggest on restructuring is going to be placed before the House,. I wish the report is placed and a discussion is organised because the Finance Department or the Bank. ing Department cannot take on itself the responsibility of deciding the future of the national banking of this country because the national banking happens to be the lifeline of the national credit. Therefore, I wish that the report is placed and a discussion is organised. Let us know about it—it is not a question of evading the issue—whether that report is going to be published or not.

Secondly, Sir, there has been a lot of talk on the scealled efficiency of foreign banks, by many persons including a Member belonging to the other -side of the House, as if foreign banks are an embodiment of the greatest amount of efficiency. I can tell you from my own experience that foreign banks are charging much greater service charges, not because of a greater amount of service they render but because they would like to expand their profit base in a most commercial way. Having a look at the report recently prepared by the Banking Division on the working of the foreign banks, I find, Sir. that most of the foreign banks have been violating the norms set by the Reserve Bank so far as their investment in the priority sector is concerned. I feel pained to inform the House that despite this violation no action, punitive action has been taken either by the Finance Department or by the RBl so far as I know till this moment.

Secondly, Sir, most of the deposit in the foreign banks is being invest ed not in the industrialisation of the country but in speculative transac tions. My honoured colleague, Mr Ashis Sen was looking for the source of finding additional finance by banks, I can tell him that to a great extent the source lies with the liquidity that has been allowed to be enjoy - ' ed by these foreign banks. Most of the money that is with them, they do *not* invest in long-term investment but it is being used in speculative purpose under the very hose of the Reserve Bank. That is the source of illegitimate speculation going on in this country, and if is through this unproductive investment that they earn astronomical figures of profit. and a part of that profit is given as interest at a higher rate of interest to the people to deposit their money on those banks. Therefore, the sec- onfl point I would like to know from the hon. Minister is what steps is the Government thinking to take to discipline the foreign banks in the country?

Thirdly, Sir, I would like to know whether a proposal is pending with the Reserve Bank for opening of at least 200 branches of the foreign banks in the country. We are speaking of Indira Gandhi, we are speaking of nationalisation, we are speaking of the public sector, but let it be known to the country that the Government which rung the country has already in an illegitimate way, allowed private banking to expand in the country contrary to the wish and directive of the Congress party, as we had known it before. Never before foreign banks were allowed to increase branches in the country, but now, I understand, about 200 branches are being allowed to be opened in the country by the foreign banks. What is going to be the effect of it? The effect will be that the foreign banks will be allowed to exploit the Indian money market and remit a large part of it illegitimate profit outside the country. Believe it or not, the percentage of profit in the banks has increased from 15 to 100. I would like to tell the Minister in what way the foreign bank is able to earn such a huge rate of profit, what the source is. in what way they are doing while the nationalised banks are not able to do it. What is the magic stick which gives them this credit of earning this astronomical profit? The main reason is that the liquidity left with them is being invested in speculative transactions. It is from there they cam the illegitimate profit and a large part of the profit 5s flown out of the country. So, as and when an additional branch of the foreign bank is opened, the country loses and the money market losses and we allow delinquency to take over. I Wish the Minister kindly tells the House if there is a proposal for allowing these banks to open additional branches contrary to the policy of Mrs. Gandhi. I would like to see that protest is made against it.

SHRI SANTOSH BAGRODIA: Mr. Das Gupta, can you tell us how the profit is going out of the country, just for our Information?

SHRI GURUDAS DAS GUPTA-If the hon,, Vice-Chairman allows me time, I would

The point is that a part of the deposit goes to the Reserve Bank un der the statutory guidelines and the rest of the deposit lies with the for eign bank for investment. Now, there is a guideline, so far as the nationalised bank is concerned, that this amount of money has to be in- Vested in the priority sector. Since these guidelines are violated by the foreign banks, they are left with huge quantity of liquid assets. These liquid assets are invested in short-term de. posits. From there they earn money. After earning money, they send the money outside the country as profit, as service charge, as dividend and in many other invisible ways. It is ..not- me who is making this allega tion It is,there even in the report prepared by the Banking Division of the Reserve Bank. It is. putting -this allegation before the country that these people are taking a large part of the profit outside the country. Otherwise why would they come and do- business. It is not for philanth ropy that the foreign capital penet rates-into the country or a foreign bank!-opens its branches in the coun try. We have given them entitle- ment of- exporting a part of the pro fit , The more -the profit they earn, the more-is the export of Part of pro fit outside the country. That is how *the* economy of the- eountry is being exploited" by the foreign banks. I -wish the hon.-Minister lets us know in what way he is going to control the delinquent foreign banking of the country-.-

The next point that I would like to know is whether it is true that four very large industrial houses of the country; including the Reliance, have applied to the Reserve Bank for the opening of private banks in the country and whether it is true that the 'Reserve Bank has assured them of favourable' consideration of their applications. If it is so", it means a sharp departure from the policy nationalised banking by the Government, which in turn means there is a subversion of the national banks. I feel tempted to speak on this because very recently there has been an abrupt change. What is the change? There is a bank called Lord Krishna Bank. It is a private bank in Kerala having deposits of Rs. 50 crores. This bank was on the point of being merged with the Canara Bank. In the same way 13 private banks have been merged with the public sector banks. Sir, if a private bank falls sick the. normal practice in the country after nationalisation is it is merged with- a public sector bank. That is the normal procedure. In this way 13 private sector banks have been merged with the public sector banks. The last has been Poorvanchal Bank of Assam, which you may be aware of. After this bank had fallen sick, it was to be merged with a public sector bank. All the formalities were gone through. Even the sign boards were painted. At the point of declaring, they have changed their opinion. This bank instead of being merged with the Canara Bank, has been allowed to be taken over by a private financial agency of the country. I do not know the reasons. Never before it happened like this. This is not the solitary easel There have been a number of cases in the recent period where private financial agencies have been allowed to take over convertible percentage of the shares of the private banks. Why this departure? Why these sick banks are not allowed to merge with the public sector banks? Why these banks are allowed to be taken over by the private financial agencies? If my allegation is correct, then it means a sharp departure from what Mrs. Gandhi has done. Whether you owe an allegiance theoretically to Mrs. Gandhi or not. that is not the point. You have surreptitiously discarded Mrs. Gandhi's policy. You have sur- reptitiously . discarded the whole banking- system.. You have silently and surreptitiously discarded -that

policy. This has been done surreptitiously by the present, leadership of the Banking Division . and by the present leadership of the Finance Ministry. In this way, there are many points I can refer to. Since there is not 'much' time, I will not do so. However, I wish there is a full-fledged discussion on the problems of banking in this session of the Parliament on the basis of the report that they have prepared.

Lastly, Sir this Government, parti cularly the Ministry of Finance has entered almost into a confrontation with the banking population of the country. Everywhere the same point "surplus staff" is being harped upon as if the banking employees are res ponsible for the mismanagement, as if thty are responsible for the mount ing bad debts, as if they are running away with the bank money I can give an example. The then Chair man of the Central Bank of India, only a week before his retirement had violated all norms and allowed a cre dit to the extent of Rs. 5 crores to the people who are closely related to him.. Afterwards the present mana gement had. to file a crirminal case against him. This is the way our banks are running. It is the nexus between the political leaders and the leading bank managers that is bringing the nationalised banks to a total ruin. Therefore, instead of passing on the buck to the trade union, move- ment, let us discuss the problem. Let us discuss the subject. Instead of arrogating to - themselves the responsibility of taking a final decision on the question of restructuring, the banks, the Minister of Finance should bring forward to the House their recommendations informing the Members of Parliament to give "their Views *so* that the nation can take approp-xiate- decision concerning the lifeline . of the . national credit of the countr

श्री ईश दत्त यादव : माननीय उप-सभाध्यक्ष जी, बैंकिंग रेगुलेशन अमेंडमेंट बिल द्वारा सरकार कुछ अधिकार प्राप्त करना चाहती है . कोआपरेटिव बैंकिंग के संबंध में, इसके फाइनेन्शियल ईयर को बदलने के लिए । इसमें मुझे या मेरे दल को कोई आपत्ति नहीं है बल्कि इस संशोधन के लिए मेरा पूरा पूरा समर्थन है । महोदय, यह काम तो बहुत पहले हो जाना चाहिए था । सन् 1988 में जब कामर्शियल बैंक्स के बारे में इस तरह का संशोधन किया गया था उस, समय सरकार को इस पर गम्भीरता से विचार करके यह . संशोधन कर देना चाहिए था । जैसा अभी श्री अजीत जोगी ने कहा, मैं उनकी बातों से सहमत हूं । इस देश में कई वर्ष, फाइनेंशियल ईयर, चलते हैं । कोई तो । अप्रैल से 31 मार्च तक चलते हैं और एजुकेशनल ईयर अलग है जो पहली जुलाई से लेकर 30 जून तक चलता है और कोआपरेटिव बैंकों का अलग वर्ष है जो जुलाई से लेकर जून तक चलता हैं। इस देश में हिन्दू धर्म के हिसाब से अलग वर्ष चलता है । इसलिए मैं चाहता हूं और देश के अनेक लोगों की भावनायें होंगी कि पूरे देश में एक तरह का वर्ष लाया जाय। एक तरह का वर्ष चलाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है । सरकार के इस प्रयास से मैं सहमत हूं और मुझे इसमें कोई आपत्ति नहीं है । यह संशोधन कोआपरेटिव बैंकों के बारे में है। हमारे बहुत से माननीय सदस्यों ने, और दोनों पक्षों के सदस्यों ने, बैंकों के भ्रष्टाचार के बारे में कहा है । बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया स्वर्गीय इन्दिरा गांधी के राज में उनके द्वारा किया गया था । वह इस उद्देश्य से किया गया था कि इस देश की आर्थिक क्रांति में, आर्थिक प्रगति में, देश के राष्ट्रीयकृत बैंकों का बहुत बड़ा योगदान हो सकता है । मैं यह नहीं कहता कि इन बैंकों ने देश की आर्थिक प्रगति में सहयोग नहीं किया । लेकिन जो अपेक्षित प्रगति होनी चाहिए थी, जो अपेक्षित आर्थिक क्रांति बैंकों के माध्यम से होनी चाहिए थी, वह देश के अन्दर नहीं हुई है और आज ये बैंक भ्रष्टाचार के अड्डे बने हुए हैं। एसुरेन्स कमेटी के सदस्य के रूप में, मैं अब तक उसका सदस्य था और संभवतः एसुरेन्स कमेटी

[श्री ईश दत्त यादव]

की रिपोर्ट अभी सदन में नहीं आई है, बहुत से बैंकों के कामकाज के बारे में जानकारी प्राप्त करने का मुझे अवसर मिला है। हमने देखा कि इस देश के बीसियों बैंकों में और सारे के सारे राष्ट्रीयकृत बैंकों में भ्रष्टाचार है और उनके अधिकारियों और कर्मचारियों ने और वहां के संबंधित लोगों ने करोड़ों-करोड़ रुपयों का घपला किया है। करोड़ों-करोड़ रुपये बैंकों से विड्रा कर लिये गये, फेक नाम पर और फर्जी नाम पर विड्रा कर लिए गये। उसके बारे में सरकार जांच भी करती है, लेकिन जांच का कोई परिणाम नहीं निकलता है। चूंकि समिति का मामला है, इसलिए मैं नाम नहीं लूंगा, लेकिन एक बैंक ऐसा है जिसमें अकेले एक बैंक में 20 करोड़ रुपये फर्जी तरीके से विड्रा कर लिये गये वहां के अधिकारियों और कर्मचारियों की साजिश से। मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि माननीय मंत्री जी और सरकार इस पर गम्भीरता से विचार करे और जो बैंक देश की आर्थिक प्रगति के लिए हैं, जिन बैंकों से देश की आर्थिक प्रगति होने वाली है, आज ये बैंक भ्रष्टचार का अखाड़ा बने हुए हैं। ये जो कोरपोरेट बैंक और कोआपरेटिव बैंक हैं यह तो सारे के सारे भ्रष्टाचार से भरे हुए हैं। जिन लोगों ने इनमें पैसा जमा किया वह पैसा गायब हो गया और आज अदालतों में मुकदमें चल रहे हैं। फर्जी नाम पर एकाउन्ट खोल दिया जाता है। इन बैंकों में ब्लैक मनी डिपोजिट किया जाता है और वही ब्लैक मनी विड्रा कर लिया जाता है। आपके माध्यम से मैं मंत्री जी से और सरकार से कहना चाहता हूं कि इस पर वे गम्भीरता से विचार करें क्योंकि इस देश के अन्दर कोआपरेटिव मूवमेंट पूर्णतः असफल हो गया है। चाहे कोआपरेटिव बैंकों का मामला हो, चाहे दूसरी कोआपरेटिव सस्थायें हों, ये सारी संस्थायें भ्रष्टाचार से भरी हुई हैं।

मैं मंत्री जी का ध्यान इस ओर भी दिलाना चाहूंगा कि आज गांव गांव में प्राइवेट फाइनेंशियल कम्पनियां खुली हुई हैं। इस तरह की फर्जी यह कम्पनियां हैं कि गांव का साधारण आदमी, गरीब आदमी, इनमें पैसा जमा करता है और एक साल, दो साल और तीनप्साल के बाद इन प्राइवेट फाइनेंशियल कम्पनियों के अधिकारी और कर्मचारी रातों-रात गायब हो जाते हैं और 10-20-50 हजार रुपये गांव के गरीब किसान के कहां चले जाते हैं और वह कम्पनी कहां चली जाती है, इसका पता नहीं चलता है। मैं चाहता हूं कि माननीय वित्त मंत्री जी इस पर गम्भीरता से विचार करें और ये जो प्राइवेट फाइनेंशियल कारपोरेशन्स या कम्पनियां हैं उनके बारे विचार करें। इन कंपनियों को या तो ये बंद होनी चाहिये या इनके ऊपर कड़ी दृष्टि होनी चाहिये, कड़ी निगरानी होनी चाहिये ताकि गांव के गरीबों का पैसा इस तरह से लेकर ये गायब न होते रहें।

6 P.M.

अंत में मान्यवर, मैं इस बिल का संशोधन करते हुए एक चीज कहना चाहता हूं। ये जो बैंक हैं, ये बैंक वास्तव में जिस उद्देश्य के लिये बनाये गये उसकी पूर्ति ये नहीं कर पा रहे हैं। गांव के किसानों के लिये, गांवों के गरीबों के लिये, गांव के पिछड़े वर्गों के लिये, जो आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं, ये बैंक उनके लिये कोई मददगार नहीं हो रहे हैं। इनको इन बैंकों से ऋण मिलना असंभव है। हमारे साथी गौतम जी अभी कह रहे थे कि ऋण के जो आवेदनपत्र होते हैं वे नीचे से फारवर्ड नहीं होते और वे अधिकारियों के पास नहीं पहुंचते हैं और उनको ऋण नहीं मिलता है। अगर किसी को मिलता भी है तो उसमें से कम से कम 25 प्रतिशत भ्रष्टाचार के रूप में बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों पर खर्च कर लेते हैं। इसलिये आपके माध्यम से मैं इस बिल का समर्थन करते हुए माननीय मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि आप साल,

और दिन जो बदल जाते हैं उनको न बदलें पर बैंको के भ्रष्टाचार और बैंकों का कार्यप्रणाली अगर बदल दें तो इससे इस देश का बहुत बड़ा कल्याण होगा ।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NA-GEN SAIKIA). Hon. Members, it is already *6 p.* M. There are few speakers. I think, it can be taken up tomorrow.

The House adjourned till 11.00 a.m. tomorrow.

The House then adjourned at two minutes past six of the clock on Wednesday, the 11th December, 1991.